# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 26-9-24 | 6 | 6-8 |

दैनिक भास्कर

# मूंग की फसल में सफेद मक्खी, हरा तेला और बग का प्रकोप, अरहर में भी मिल रही फली छेदक सुंडी

## हकृवि ने जारी की एडवाइजरी, मूंग और उड़द की फसल पकते ही करें कटाई

भास्कर न्यूज | हिसार

मूंग की फसल में सफेद मक्खी, हरा तेला एवं बग आदि का प्रकोप मिल रहा है। पत्ते एवं फलीय भागों को खाने वाले रस चूसक कुबड़ा फीट, तंबाकू सुंडी, चने की सुंडी, मारुका आदि कीटों का मिला जुला प्रकोप देखने को मिल रहा है। मूंग व उड़द की फसल की पकाई का समय है और फसल के पकने के बाद किसान इसकी फौरन कटाई करें, ताकि रोगों से दूर रख सकें। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि मूंग की फसल पर रस चूसक कीटों के लिए 250 मिली लीटर डाइमेथोएट 30 ईसी या 400 मिली लीटर मैलाथियान 50 ईसी को 200 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से छिड़कावं करें। पत्ते एवं फलीय भागों को खाने वाले कीटों के लिए 50 मिली लीटर क्लारेंट्रानिलिप्रोल 18.5 एसी की 200 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। दलहनी अनुभाग के कीट वैज्ञानिक डॉ. तरूण वर्मा ने बताया कि अरहर की फसल में भी हो रहा फली छेदक सुंडी (चने की सुंडी व मारुका) का प्रकोप हो सकता है।

### मूंग की पत्ती पर धब्बा रोग



मूंग में फली छेदक सुंडी का प्रकोप।

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि पत्ती धब्बा रोग में आमतौर पर पत्तियों पर गहरे भूरे रंग के धब्बे होते हैं, जो लाल बाहरी किनारों से घिरे होते हैं। ऊपरी सतह पर धब्बे स्पष्ट दिखाई देते हैं। अधिक प्रकोप होने पर शाखाओं और फलियों पर भी धब्बे देखे जा सकते हैं। इस रोग के लक्षण दिखाई देने पर ब्लाईटॉक्स-50 (कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50 डब्ल्यूपी) या इंडोफिल एम-45 की 600 से 800 ग्राम मात्रा को 200 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 26.9.24 | 5 | 1-4 |

# राष्ट्र के उत्थान में स्वयंसेवकों की अहम भूमिका

## हकृवि में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम को वीसी ने किया संबोधित

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। एनएसएस के माध्यम से हम समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पहचान सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि विद्यार्थी एनएसएस के आदर्शों को अपने जीवन में उतार कर समाज सेवा करने का संकल्प लें।



हकृवि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज एनएसएस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करके स्वयंसेवकों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेवारी के लिए प्रेरित किया जाता है। कार्यक्रम में आए हुए सभी अधिकारियों का राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने धन्यवाद किया। मंच का संचालन विद्यार्थी नमन व निशा ने किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विपन कुमार, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. मोना वर्मा, डॉ. मोहम्मद इर्दिश, डॉ. अरूण अटकन उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 26-9.24 | 5 | 3-5 |



एचएयू में जागरुकता रैली को झंडी दिखा रवाना करते कुलपति बीआर कांबोज। स्रोत : विवि

## राष्ट्रीय सेवा योजना का समाज व राष्ट्र के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान : कांबोज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है।

एनएसएस के माध्यम से हम समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पहचान सकते हैं। राष्ट्र के उत्थान में एनएसएस स्वयंसेवकों की अहम भूमिका होती है। कुलपति ने महाविद्यालय परिसर से स्वयंसेवकों की जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि विद्यार्थी एनएसएस के आदर्शों को अपने जीवन में उतार कर समाज सेवा करने का संकल्प लें। इस मौके पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खिचड़, राष्ट्रीय सेवा योजना अवॉर्डी डॉ. भगत सिंह, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. पूजा, डॉ. मोना वर्मा, डॉ. मोहम्मद इर्दिश, डॉ. अरुण मौजूद रहे।

वहीं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 26-9-24 | 2 | 3-5 |


# राष्ट्र के उत्थान में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की अहम भूमिकाः प्रो. काम्बोज



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

हिसार, 25 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे।

प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। एन.एस.एस. के माध्यम से हम समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पहचान सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्र के उत्थान में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की अहम भूमिका होती है। आधुनिक युग में स्वयंसेवकों की हर क्षेत्र में सहभागिता होना अनिवार्य है ताकि वे देश के ज्वलंत मुद्दों सहित हर चुनौतियों में अपनी सकारात्मक सोच के साथ उनका हल ढूंढ कर समाज को नई दिशा देकर उसकी दशा बदल सकें।

एन.एस.एस. जीवन जीने का एक तरीका है। समाज का उत्थान तभी संभव है जब स्वयंसेवक एन.एस.एस. को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लें। भारत एक युवाओं का देश है। देश विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब भारत का युवा जागरूक होगा। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. युवाओं को समाज सेवा के महत्व, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज के कमजोर वर्ग की मदद तथा शारिरिक और मानसिक विकास की तैयारी पर जोर देता है। कुलपति ने महाविद्यालय परिसर से स्वयंसेवकों की जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने कहा कि विद्यार्थी एन.एस.एस. के आदर्शों को अपने जीवन में उतार कर समाज सेवा करने का संकल्प लें। एन.एस.एस. का आदर्श वाक्य 'मैं नहीं आप' हमें सिखाता है कि जीवन में स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और देश की सेवा करना हमारा प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा समय समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करके स्वयंसेवकों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेवारी के लिए प्रेरित किया जाता है।

कार्यक्रम में आए हुए सभी अधिकारियों का राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने धन्यवाद किया। मंच का संचालन विद्यार्थी नमन व निशा ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 26-9-24 | 5 | 1-5 |

## राष्ट्र के उत्थान में एनएसएस स्वयंसेवकों की अहम भूमिका : प्रो. कम्बोज

हिसार, 25 सितम्बर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। एनएसएस के माध्यम से हम समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पहचान सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्र के उत्थान में एनएसएस स्वयंसेवकों की अहम भूमिका होती है। आधुनिक युग में स्वयंसेवकों की हर क्षेत्र में सहभागिता होना अनिवार्य है ताकि वे देश के ज्वलंत मुद्दों सहित हर



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

चुनौतियों में अपनी सकारात्मक सोच के साथ उनका हल ढूंढ कर समाज को नई दिशा देकर उसकी दशा बदल सकें। एनएसएस जीवन जीने का एक तरीका है। समाज का उत्थान तभी संभव है जब स्वयंसेवक एनएसएस को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लें। भारत एक युवाओं का देश है। देश विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब भारत का युवा जागरूक होगा। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं को समाज सेवा के महत्व, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज के कमजोर वर्ग की मदद तथा शारिरिक और मानसिक विकास की तैयारी पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक अनके कार्यक्रम चलाते हैं जिनमें स्वच्छता, साक्षरता, स्वास्थ्य जागरूकता तथा पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। एनएसएस के माध्यम से स्वयंसेवकों को समाजसेवा के अवसर मिलने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास में वृद्धि और समाज के प्रति संवेदनशीलता भी कायम होती है। कुलपति ने महाविद्यालय परिसर से स्वयंसेवकों की जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि विद्यार्थी एनएसएस के आदर्शों को अपने जीवन में उतार कर समाज सेवा करने का संकल्प लें। एनएसएस का आदर्श वाक्य 'मैं नहीं आप' हमें सिखाता है कि जीवन में स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और देश की सेवा करना हमारा प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सहभागिता, सेवा, सफलता एवं नेतृत्व विकास राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के मूलभूत तत्व है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा समय समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करके स्वयंसेवकों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेवारी के लिए प्रेरित किया जाता है। कार्यक्रम में आए हुए सभी अधिकारियों का राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने धन्यवाद किया। मंच का संचालन विद्यार्थी नमन व निशा ने किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 26-9.24 | 12 | 2-6 |


## हकृवि में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# राष्ट्र उत्थान में एनएसएस स्वयं सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका: प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे।

प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। एनएसएस के माध्यम से हम समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पहचान सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्र के उत्थान में एनएसएस स्वयंसेवकों की अहम भूमिका होती है। आधुनिक युग में स्वयंसेवकों की हर क्षेत्र में सहभागिता होना अनिवार्य है ताकि वे देश के ज्वलंत मुद्दों सहित हर चुनौतियों में अपनी सकारात्मक सोच के साथ उनका हल ढूंढ कर समाज को नई दिशा देकर उसकी दशा बदल सकें। एनएसएस जीवन जीने का एक तरीका है। समाज का उत्थान तभी संभव है जब स्वयंसेवक एनएसएस को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लें। कुलपति ने महाविद्यालय परिसर से स्वयंसेवकों की जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि विद्यार्थी एनएसएस के आदर्शों को अपने जीवन में उतार कर समाज सेवा करने का संकल्प लें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अधिकारियों का राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने धन्यवाद किया। मंच का संचालन विद्यार्थी नमन व निशा ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारियों सहित एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विपन कुमार, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. मोना वर्मा, डॉ. मोहम्मद इर्दिश, डॉ. अरूण अटकन इत्यादि उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 26-9-24 | 5 | 1 |

# हकृवि में मतदान की शपथ दिलाई

हिसार| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का विशेष महत्व है। हमें बढ़ चढ़कर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करना चाहिए। हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 26-9-24 | 3 | 7-8 |

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान जरूरी



कुलसचिव डा. पवन कुमार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए • पीआरओ

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. पवन कुमार ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान जरूरी है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 26-9-24 | 6 | 1-5 |

## हकृवि में मतदाताओं को जागरूक कर मतदान करने की दिलाई शपथ

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान जरूरी: डॉ. पवन कुमार

**हिसार(सच कहूँ न्यूज)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का विशेष महत्व है। हमें बढ़-चढ़कर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करना चाहिए। उन्होंने मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का भी आह्वान किया ताकि हरियाणा विधानसभा के 5 अक्तुबर को होने वाले आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता अपना मतदान कर सकें। हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी भी बड़ी हो जाती है। मतदाता ही लोकतंत्र का भविष्य तय करता है, मतदाता जागरूक होगा तभी वो अपने मत का सही उपयोग कर पाएगा। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।



कुलसचिव डॉ. पवन कुमार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए।

### देश में मताधिकार के लिए 18 वर्ष की आयु निर्धारित

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा कि नागरिक जब मतदान के लिए जाता है तो उसे एक जागरूक मतदाता की तरह अपना वोट देना चाहिए। देश में मताधिकार के लिए 18 वर्ष की आयु निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि अपने गांव, अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित करें, कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रह जाए। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 26-9-24 | 2 | 2-5 |


# लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान जरूरी: डा. पवन



कुलसचिव डा. पवन कुमार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए।

## हकृवि में मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान में भाग लेने की दिलाई शपथ

हिसार, 25 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

उन्होंने कहा कि अपने गांव, अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित करें, ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रह जाए। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 26.9.24 | 5 | 6-8 |

## लोकतंत्र की मज़बूती के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान ज़रूरी : डॉ. पवन कुमार

हिसार, 25 सितम्बर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का विशेष महत्व है। हमें बढ़ चढ़कर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करना चाहिए। उन्होंने मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का भी आह्वान किया ताकि हरियाणा विधानसभा के 5 अक्तूबर को होने वाले आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता अपना मतदान कर सकें। हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी भी बड़ी हो जाती है। मतदाता ही लोकतंत्र का भविष्य तय करता है, मतदाता जागरूक होगा तभी वो अपने मत का सही उपयोग कर पाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिक जब मतदान के लिए जाता है तो उसे एक जागरूक मतदाता की तरह अपना वोट देना चाहिए। देश में मताधिकार के लिए 18 वर्ष की आयु निर्धारित की गई है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 26.9.24 | 12 | 1-2 |

## मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 25.09.2024 | --- | -- |

# राष्ट्र उत्थान में स्वयंसेवकों की अहम भूमिका : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। एनएसएस के माध्यम से हम समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पहचान सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्र के उत्थान में एनएसएस स्वयंसेवकों की अहम भूमिका होती है। आधुनिक युग में स्वयंसेवकों की हर क्षेत्र में सहभागिता होना अनिवार्य है ताकि वे देश के ज्वलंत मुद्दों सहित हर चुनौतियों में अपनी सकारात्मक सोच के साथ उनका हल ढूंढ कर समाज को नई दिशा देकर उसकी दशा बदल सकें। एनएसएस जीवन जीने का एक तरीका है। समाज का उत्थान तभी संभव है जब स्वयंसेवक एनएसएस को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लें। भारत एक युवाओं का देश है। देश विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब भारत का युवा जागरूक होगा। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं को समाज सेवा के महत्व, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज के कमजोर वर्ग की मदद तथा शारिरिक और मानसिक विकास की तैयारी पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक अनके कार्यक्रम चलाते हैं जिनमें स्वच्छता, साक्षरता, स्वास्थ्य जागरूकता तथा पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। एनएसएस के माध्यम से स्वयंसेवकों को समाजसेवा के अवसर मिलने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास में वृद्धि और समाज के प्रति संवेदनशीलता भी कायम होती है। कुलपति ने महाविद्यालय परिसर से स्वयंसेवकों की जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि विद्यार्थी एनएसएस के आदर्शों को अपने जीवन में उतार कर समाज सेवा करने का संकल्प लें। एनएसएस का आदर्श वाक्य 'मैं नहीं आप' हमें सिखाता है कि जीवन में स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और देश की सेवा करना हमारा प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा समय समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करके स्वयंसेवकों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेवारी के लिए प्रेरित किया जाता है। मंच का संचालन विद्यार्थी नमन व निशा ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारियों सहित एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विपन कुमार, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. मोना वर्मा, डॉ. मोहम्मद इर्दिश, डॉ. अरूण अटकन आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 26.09.2024 | --- | -- |

## हकृवि में मतदाताओं को जागरूक करने व मतदान में भाग लेने की दिलाई शपथ



कुलसचिव डॉ. पवन कुमार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे, साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का विशेष महत्व है। हमें स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करना चाहिए। उन्होंने मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का भी आह्वान किया ताकि हरियाणा विधानसभा के 5 अक्तुबर को होने वाले आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता अपना मतदान कर सकें। हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी भी बड़ी हो जाती है। मतदाता ही लोकतंत्र का भविष्य तय करता है, मतदाता जागरूक होगा तभी वो अपने मत का सही उपयोग कर पाएगा। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 26.09.2024 | --- | -- |

# एनएसएस के माध्यम से हम समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पहचान सकते हैं: प्रो. काम्बोज

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 25 सितम्बर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे। प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। एनएसएस के माध्यम से हम समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पहचान सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्र के उत्थान में एनएसएस स्वयंसेवकों की अहम भूमिका होती है। आधुनिक युग में स्वयंसेवकों की हर क्षेत्र में सहभागिता होना अनिवार्य है ताकि वे देश के ज्वलंत मुद्दों सहित हर चुनौतियों से अपनी सकारात्मक सोच के साथ उनका हल ढूंढ कर समाज को नई दिशा देकर उसकी दशा बदल सकें। एनएसएस जीवन जीने का एक तरीका है। कुलपति ने महाविद्यालय परिसर से स्वयंसेवकों की जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि विद्यार्थी एनएसएस के आदर्शों को अपने जीवन में उतार कर समाज सेवा करने का संकल्प लें। एनएसएस का आदर्श वाक्य मैं नहीं आप हमें सिखाता है कि जीवन में स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और देश की सेवा करना हमारा प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम में आए हुए सभी अधिकारियों का राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने धन्यवाद किया। मंच का संचालन विद्यार्थी नमन व निशा ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारियों सहित एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. विपन कुमार, डा. पूजा गुप्ता, डा. मोना वर्मा, डा. मोहम्मद इदरीस, डा. अरूण अटकन एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।